भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1347**
उत्तर देने की तारीख 11.12.2023

**युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति**

**1347. श्री विजय कुमार दुबे :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 'युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति' योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों से देश भर में बड़ी संख्या में युवा कलाकार सरकार से लाभ प्राप्त कर रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : जी, हां। संस्कृति मंत्रालय पारंपरिक कला रूपों सहित विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में कलाकारों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियां (एसवाईए)' स्कीम घटक कार्यान्वित कर रहा है। इस स्कीम घटक के तहत, चयनित शोधार्थियों को 02 वर्ष की अवधि के लिए चार बराबर छमाही किस्तों में प्रति माह 5,000/- रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। चयनित शोधार्थी 18 वर्ष से 25 वर्ष के आयु वर्ग में होने चाहिए और वे किसी गुरु या संस्थान के अधीन कम से कम 05 वर्ष से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हों। शोधार्थियों का चयन मंत्रालय द्वारा गठित छात्रवृत्ति हेतु विशेषज्ञ समिति के समक्ष निजी साक्षात्कार/परस्पर संवाद में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

विगत पांच वर्षों के दौरान 'विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति' संबंधी स्कीम घटक के अंतर्गत लाभान्वित युवा कलाकारों और इन कलाकारों को प्रदत्त छात्रवृत्तियों पर वहन किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है-

**(लाख रुपये में)**

| वित्तीय वर्ष | लाभान्वित युवा कलाकारों की कुल संख्या | प्रदत्त छात्रवृत्तियों हेतु व्यय |
|---|---|---|
| 2018-19 | 1151 | 345.30 |
| 2019-20 | 1086 | 325.80 |
| 2020-21 | 1265 | 379.50 |
| 2021-22 | 1293 | 390.30 |
| 2022-23 | 396 | 118.80 |

यह संवितरण शोधार्थी/कलाकार द्वारा छमाही रिपोर्टों की प्रस्तुति पर निर्भर करता है, जो कि एक सतत् प्रक्रिया है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

****